Chapter – 3

What is Initial Investigation

Initial Investigation

System development life cycle का पहला चरण आवश्यकताओं का पता लगाना है | सिस्टम में बदलाव, उपस्थित सिस्टम में वृद्धि प्रयोगकर्ता की मांग होती है | प्रारंभिक परीक्षण प्रयोगकर्ता की आवश्यकताओं को जानने की एक मानक रूपरेखा है जिसका उद्देश्य यह जानना है की प्रयोगकर्ता की मांग उपयुक्त और संभव है या नहीं |

प्रयोगकर्ता का मांगपत्र निम्न जानकारी प्रस्तुत करता है-

- प्रयोगार्थी द्वारा कार्य को दिया गया मुख्यप्रष्ठ
- कार्य का तरीका
- कार्य दिए जाने की तिथि
- कार्य पूर्ण होने की तिथि
- कार्य का उद्देश्य
- इनपुट /आउटपुट का वर्णन
- मांगने वाले का नाम ,संकाय ,फ़ोन नंबर और हस्ताक्षर
- स्वीकृत करने वाले व्यक्ति का नाम हस्ताक्षर संकाय और फ़ोन नंबर प्रयोगकर्ता की मांग बदलाव की आवश्यकता को प्रस्तुत करता है

अंतिम लिखित वचनबद्धता के पहले कई बदलावों की आवश्यकताओं होती है | मांग की स्वीकृति के बाद बैकराउंड टेस्टिंग ,फैक्ट फाइंडिंग एनालिसिस और परिणाम का प्रस्तुतिकरण जैसे कार्य किये जाते है ,जिन्हें प्रोजेक्ट प्रपोजल कहते है | प्रपोजल की स्वीकृति के बाद सिस्टम क्वालिटी का प्रयोगकर्ता द्वारा निर्धारित विशिष्ट वर्णन और सिस्टम की संभावना का विश्लेषण प्रारंभ होता है |